# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या–PR ................./2026

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2027–28) में नामांकन हेतु प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा (प्रारंभिक), 2027 का Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट पर ऑनलाइन जारी करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2027–28) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा (प्रारंभिक), 2027 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी/उनके अभिभावक/संबंधित विद्यालय प्रधान/सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा में परीक्षा आवेदन–पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने वाले अभ्यर्थियों का डमी प्रवेश पत्र समिति के वेबसाइट **https://biharsimultala.com** पर दिनांक **09.09.2026** से **15.09.2026** तक त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी/उनके अभिभावक अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर उक्त परीक्षा का डमी प्रवेश–पत्र निर्धारित अवधि में डाउनलोड कर सकते हैं।

2. डमी प्रवेश–पत्र (Dummy Admit Card) में अगर किसी प्रकार की त्रुटि (यथा–अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, जाति कोटि एवं फोटो आदि) हो तो छात्र–छात्रा/अभिभावक समिति के उक्त वेबसाइट पर अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से निर्धारित अवधि में त्रुटि का सुधार कर सकते है।

3. डमी प्रवेश पत्र में मुद्रित विवरण में सुधार के क्रम में जिन अभ्यर्थियों के आरक्षण कोटि में परिवर्तन होता है, तो उक्त कोटि के लिए निर्धारित शुल्क देय होगा, अन्यथा की स्थिति में सुधार का दावा मान्य नहीं होगा।

4. निर्धारित अवधि तक त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण परीक्षा आवेदन–पत्र का सुधार यदि नहीं किया जाता है तो इसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित अभ्यर्थी/उनके अभिभावक की होगी।

5. **उक्त अवधि के बाद किसी प्रकार की त्रुटि सुधार करने का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।**

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक : के०वि०...759.../2026 पटना, दिनांक : ...08.../...09.../2026

प्रतिलिपिः जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. Project Manager, M/s Antier Solutions Private Limited, Punjab को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. निदेशक/डी०डी०आई०टी० (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के B.S.Ex.B. Mobile App पर डाल दिया जाए तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए।
4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति